दुर्ग कलेक्टर श्री उमेश कुमार अग्रवाल एवं निगम आयुक्त श्री के0एल0 चौहान के द्वारा डेंगू प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया गया

वार्ड क्रमांक 28, 29, 36, 37

भिलाईनगर/ दुर्ग कलेक्टर श्री उमेश कुमार अग्रवाल के द्वारा डेंगू प्रभावित क्षेत्र छावनी, राजीव नगर, गौतम नगर, सहित अन्य वार्डो का निरीक्षण किया गया। वार्ड भ्रमण के दौरान निगम आयुक्त श्री के0एल0 चौहान, एसडीएम श्री कैलाश वर्मा, सहित निगम के अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री अग्रवाल के निरीक्षण के दौरान नर्सिंग की छात्राएं को निर्देशित किया गया कि वे अपने प्रभार वाले वार्डों में आम नागरिको डेंगू की बिमारी के संबंध में जानकारी देते हुए जन जागरुकता अभियान चलाये जाने में सहयोग लेंवे। वार्ड के नागरिकों से अपील की गई कि संयुक्त रुप से चलाये जा रहे डेंगू उन्मूलन अभियान की सफलता के लिए जन सहयोग का होना आवश्यक है इसलिए आप लोग भी अपने–अपने वार्ड में घर–घर इस बिमारी के बचाव हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिये गये निर्देशानुसार लोगों में जन जागरुकता फैलाये ताकि हम सब मिलकर इस बिमारी को जड़ से समाप्त कर सकें। डेंगू की बिमारी की रोकथाम हेतु पुरा शासन, प्रशासन, विशेषज्ञ, चिकित्सकों की टीम निरंतर वार्डों की भ्रमण कर इस बिमारी के उन्मूलन हेतु हर संभव प्रयास किया जा रहा है इस अभियान में संलग्न शासन के अधिकारियों, कर्मचारियों को आप लोग अपना पुरा सहयोग प्रदान करें साथ ही अपने घर के साथ–साथ आसपास भी पानी का जमाव न होने दें तथा स्वच्छता बनाये रखें।

निगम भिलाई द्वारा डेंगू नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु प्रभावित वार्ड एवं अन्य वार्डों में निगम द्वारा विभागीय एवं प्लेसमेंट तथा अतिरिक्त लगाये गये सफाई कामगारों एवं श्रमिकों के माध्यम से 05 से 21 अगस्त तक 97121 कूलर खाली कराये गये एवं 5918 कूलर को उतरवाया गया। स्प्रे पम्प से टेलीफास का छिडकाव 63751 स्थानों में कराया गया, फागींग मशीन से 3950 स्थानों एवं 325 स्कूल, 272 आंगनबाड़ी केन्द्रो में किंगफाग का धुआं छोड़ा गया। 342368 मीटर नालियों की सफाई की गई है। जन जागरुकता हेतु 144631 पाम्पलेट का वितरण किया गया।

विभिन्न समाजसेवी संस्थान, निजी चिकित्सा संस्थान, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, एस.एच.जी. ग्रुप के सदस्यों, पी.वी.टी. के बच्चों के सहयोग से 2070 रैली निकाली गई और कन्ट्रोल रुम से प्राप्त होने वाले शिकायतों का प्रतिदिन निराकरण किया जा रहा है। डेंगू के रोकथाम के व्यापक प्रचार–प्रसार हेतु 302 होर्डिंग्स, 969 कटआउट क्षेत्रों में लगाया गया है। जन जागरुकता हेतु 06 एप्पे एवं 11 रिक्शों से डेंगू के बचाव हेतु प्रचार–प्रसार नियमित रुप से किया जा रहा है। अतिरिक्त 304 नग स्प्रे पम्प के माध्यम से कीटनाशक दवाई का छिड़काव किया जा रहा है।

श्री राम स्वीट्स खुर्सीपार से 5 हजार रुपये, मोती ब्रदर्स कबाड़ी दुकान नेवई 2 हजार रुपये, गंदगी फैलाने से अर्थदण्ड 1 हजार रुपये, कुल 8 हजार अर्थदण्ड की राशि वसूल की गई।

जनसम्पर्क अधिकारी